# स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण में चयनित प्रतिष्ठानों का सम्मान 14 फरवरी को-मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह

रतलाम। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान में चयनित प्रतिष्ठानों को 14 फरवरी को स्थानीय स्तर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक एवं जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा।

मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाने और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में सभी नगर निगमों को 5-स्टार और अन्य नगरीय निकायों को 3-स्टार दिलाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए 26 जनवरी से 15 दिवसीय स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया था। श्री सिंह ने सभी सांसद और विधायकों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया था। शहर में स्थित प्रतिष्ठानों में निजी एवं शासकीय कार्यालय, बैंक, छोटी-बड़ी दुकानें, शो-रूम, अस्पताल, क्लीनिक, होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल आदि शामिल हैं। स्वच्छ शब्दावली में इन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर कहा जाता है। इनके बीच ही स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की गयी। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करना था।

अलग-अलग श्रेणी में हुई रैकिंग 14-2-22

स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण में अलग-अलग श्रेणी में रैकिंग की गई। इसमें स्वच्छ पाठशाला, स्वास्थ्य सुविधाएँ, होटल एवं रेस्टोरेंट, कार्यालय, हॉकर्स जोन और स्वच्छ बाजार की श्रेणी शामिल की गईं।

सर्वेक्षण प्रक्रिया में 300 अंकों की रैंकिंग

नगरीय निकायों में स्थित प्रतिष्ठानों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से सूचना दी गयी। प्रतिष्ठानों की रैंकिंग 300 अंकों की हुई।

विजेता प्रतिष्ठान को सिम्बल ऑफ क्लीनलीनेस सम्मान

विजेता प्रतिष्ठान को निकाय द्वारा सिम्बल ऑफ क्लीनलीनेस सम्मान से नवाजा जायेगा। इसके अलावा चयनित प्रतिष्ठानों को राज्य स्तरीय टीम के अवलोकन के बाद राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए भी नामांकित किया जायेगा। स्वदेश रतलाम

# गंदगी का 5 पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत शनिवार को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर जगन्नाथ वाटिका दीनदयाल नगर पर 1000, लालचन्द राठौड़, गंगा रेस्टोरेंट, नारायण बाजना बस स्टैण्ड पर 250-250 व मनोज गवली बाजना बस स्टैण्ड पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। साथ ही दल ने भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी 14-2-22

नवभारत

# सांसद डामोर का तीन दिवसीय दौरा, बैठक में शामिल होंगे, भूमि पूजन करेंगे

नव ... 14-2-22

रतलाम। सांसद रतलाम-झाबुआ अलीराजपुर गुमानसिंह डामोर तीन दिवसीय भ्रमण पर रतलाम जिले में आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सांसद श्री डामोर 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे रतलाम आकर आमजन से भेंट करेंगे। वे दोपहर 12.30 बजे कलेक्टर कार्यालय में दिशा समिति की बैठक में शामिल होंगे। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे रतलाम से झाबुआ प्रस्थान कर जाएंगे। सांसद श्री डामोर 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे रतलाम से अमरपुराकला बाजना के लिए प्रस्थान करेंगे जहां दोपहर 12 बजे जल जीवन मिशन योजना का भूमिपूजन करेंगे। वे 12.30 बजे बाजना आकर जल जीवन मिशन तहत नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 1 बजे कुंदनपुर में नल-जल योजना का भूमिपूजन, दोपहर 1.30 बजे एक गड़ीकटारा खुर्द में नल-जल योजना का भूमिपूजन, दोपहर 2 बजे ग्राम गढ़ीगमना में नल-जल योजना का भूमिपूजन तथा दोपहर 2.30 बजे ग्राम राजापुर माताजी में नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे। श्री डामोर दोपहर 3.30 बजे ग्राम चिकनी में नल-जल योजना का भूमिपूजन, शाम 4.00 बजे करिया में नल-जल योजना का भूमिपूजन, शाम 4.30 बजे ग्राम बिलड़ी में नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे श्री डामोर शाम 5.00 बजे विश्राम गृह सैलाना में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे श्री डामोर शाम 7 बजे रतलाम आकर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री डामोर 17 फरवरी को प्रातः 10 बजे रतलाम से ग्राम लालगुवाडी विकासखंड रतलाम प्रस्थान करेंगे। प्रातः 10.30 बजे ग्राम नंदलई में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। प्रातः 11.30 बजे लालगुवाड़ी में नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 12.30 बजे ग्राम तितरी में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 1.30 बजे ग्राम कलमोड़ा में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 2.30 बजे ग्राम मुंदड़ी में नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर 3.30 बजे ग्राम भाटी बडोदिया में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। शाम 4.30 बजे ग्राम सुरजापुर में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे। शाम 5.30 बजे ग्राम भीलखेड़ी में नल-जल योजना का लोकार्पण करेंगे।

# खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलवा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 12 फरवरी को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर जगन्नाथ वाटिका दीनदयाल नगर पर 1000, लालचन्द राठौड़, गंगा रेस्टोरेंट, नारायण बाजना बस स्टैण्ड पर 250-250 व मनोज गवली बाजना बस स्टैण्ड पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

[illegible] 14-2-22

# चौगानिया भेरू मंदिर के पास सोमवार को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

## नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरो का आयोजन

14-2-22

रतलाम । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली पिविर आयोजित किये गये है जो 03 मार्च 2022 तक चलेंगे।

आयोजित पिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास पाखा से संबधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेंगें।

निगम द्वारा आयोजित पिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर पिविर में संपत्तिकर 3,28,822/- व जलकर 54,850/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा पिविर में संपत्तिकर 1,62,575/- व जलकर 34,520/-, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास पिविर में संपत्तिकर 3,02,013/- व जलकर 63,450/-, विनोबा नगर पिविर में संपत्तिकर 1,85,292/- व जलकर 1,19,720/-, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पिविर में संपत्तिकर 3,20,857/- व जलकर 62,950/-, तिरूपति नगर पिविर में संपत्तिकर 1,28,977/- व जलकर 28,870/-, कोमल नगर पिविर में संपत्तिकर 2,16,000/- व जलकर 14,000/-, इन्द्रलोक नगर मार्निंग स्टार स्कूल के पास पिविर में संपत्तिकर 2,51,600/- व जलकर 1,04,640/-, कस्तुरबा नगर पिविर में संपत्तिकर 8,61,206/- व जलकर 1,21,090/-, प्रियदर्षनी नगर पिविर में संपत्तिकर 2,14,000/- व जलकर 47,000/-, डोंगरे नगर पिविर में संपत्तिकर 2,54,422/- व जलकर 83,700/-, हाट रोड पिविर में संपत्तिकर 1,71,500/- व जलकर 27,540/-, कलीमी कालोनी पिविर में संपत्तिकर 1,96,281/- व जलकर 40,240/-, राजेन्द्र नगर पिविर में संपत्तिकर 1,45,000/- व जलकर 31,760/-, काटजू नगर पिविर में संपत्तिकर 3,36,077/- व जलकर 72,440/-, वेदव्यास कालोनी पिविर में संपत्तिकर 98,534/- व जलकर 37,465/-, कल्याण नगर पिविर में संपत्तिकर 87,732/- व जलकर 36,660/-, दीनदयाल नगर पिविर में संपत्तिकर 2,91,455/- व जलकर 92,125/-, बोहरा बाखल पिविर में संपत्तिकर 4,97,298/- व जलकर 64,770/-, रामगढ़ पिविर में संपत्तिकर 1,59,241/- व जलकर 28,140/-, लक्कड़पीठा पिविर में संपत्तिकर 6,11,920/- व जलकर 1,56,600/-, धानमण्डी पिविर में संपत्तिकर 3,60,338/- व जलकर 1,67,280/-, किरण टॉकिज पिविर में संपत्तिकर 3,89,541/- व जलकर 76,625/-, आनन्द कालोनी पिविर में संपत्तिकर 1,20,807/- व जलकर 37,520/-, प्रताप नगर पिविर में संपत्तिकर 1,91,836/- व जलकर 72,860/-, महावीर नगर पिविर में संपत्तिकर 87,741/- व जलकर 37,140/- पैलेस रोड पिविर में संपत्तिकर 2,81,036/- व जलकर 89,570/- की राषि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली पिविरो के वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 14 फरवरी को चौगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 15 व 16 फरवरी को पिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 17 व 19 फरवरी तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 21 से 22 फरवरी तक बजाजखाना गणेष देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 व 24 फरवरी को पास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 25, 26 व 28 फरवरी को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 1 से 3 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहे पर कार्यालयीन समय में पिविर आयोजित किये गये है। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त पिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित पिविरों में बकायादार अपनी बकाया राषि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

न्यूज-कॉलम

## 75 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन प्लास्टिक प्रतिबंधित

रतलाम। रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 75 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 75 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का ना तो उत्पादन करें एव ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

14-2-22

## गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देषित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। 14-2-22 निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देषित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे >

## रतलाम में तीन दिनों में कई योजनाओं का शुभारंभ करेंगे सांसद

रतलाम। सांसद गुमानसिंह डामोर तीन दिवसीय भ्रमण पर रतलाम आएंगे। 15 को दोपहर 12 रतलाम आकर आमजन से भेंट करेंगे। कलेक्टर कार्यालय में दिशा समिति की बैठक में शामिल होंगे। 16 को प्रात 10 बजे रतलाम से अमरपुरा कला बाजना के लिए प्रस्थान करेंगे जहां दोपहर 12 बजे जल जीवन मिशन योजना का भूमिपूजन करेंगे।दोपहर 1 बजे कुंदनपुर में नल-जल योजना का भूमिपूजन, दोपहर 1.30 बजे एक गड़ीकटारा खुर्द में नल-जल योजना का भूमिपूजन, दोपहर 2:00 बजे ग्राम गढ़ीगमना में नल-जल योजना का भूमिपूजन तथा दोपहर 2:30 बजे ग्राम राजापुर माताजी में नल-जल योजना का भूमिपूजन करेंगे।

## अलग-अलग श्रेणी में हुई रैंकिंग

रतलाम ● स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण में अलग-अलग श्रेणी में रैंकिंग की गई। इसमें स्वच्छ पाठशाला, स्वास्थ्य सुविधाएं, होटल एवं रेस्टोरेंट, कार्यालय, हॉकर्स जोन और स्वच्छ बाजार की श्रेणी शामिल की गई। नगरीय निकायों में स्थित प्रतिष्ठानों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से सूचना दी गई। प्रतिष्ठानों की रैंकिंग 300 अंकों की हुई। विजेता प्रतिष्ठान को निकाय द्वारा सिम्बल ऑफ क्लीनलीनेस सम्मान से नवाजा जाएगा।

14-2-22

# स्वच्छ सर्वेक्षण : नागरिक बना रहे गीले कचरे से जैविक्र खाद

14-2-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत वार्ड नौ को आत्मनिर्भर वार्ड घोषित किया गया। वार्ड के अंतर्गत आने वाले दो रहवासी संघों रत्नपुरी विकास समिति और सेवा समिति (शुभम परिसर) द्वारा घरों से निकलने वाले गीले कचरे का निगम द्वारा बनाए गए कंपोस्टिंग पिट द्वारा प्रसंस्करण कर खाद बनाया जा रहा है। गतिविधियों के माध्यम से वार्डवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से गीले कचरे से खाद बनाने की विधि सिखाई जा रही है। वार्डवासी घर से निकलने वाले कचरे को चार हिस्सों में (गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक व सेनेटरी), पृथकीकरण कर निगम द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन में ही डालते हैं।




स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 मे रतलाम को नंबर वन रैंक के लिए जगह-जगह लोगो को जागरूक करने वाली पैंटिंग बनाई जा रही है। •नईदुनिया

सूखा कचरा निगम के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा पर जाता है और गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। साथ ही घरेलू हानिकारक व सेनेटरी कचरे का निगम द्वारा अनुबंधित संस्था में प्रसंस्करण किया जाता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर निगम ने पांच ब्रांड एम्बेसडर बनाए हैं। इनमें में पद्मश्री डा. लीला जोशी, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार जोशी, शहर के स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले समाजसेवी नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी व खेल जगत के अनुज शर्मा शामिल है।

### 10 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा वार्डों में सुबह छह व दोपहर दो बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया। इसके तहत प्रातः पाली में 10 सफाई मित्रों बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलंबन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। सुबह जोन क्रमांक-एक में रानीबाई पत्नी आजाद, सुनील-सोहनलाल, रानी पत्नी श्यामलाल, लखन-रवींद्र, बसंतीबाई पत्नी किशन, श्रवण-भरत, जोन क्रमांक-दो में शकुंतलाबाई पत्नी अर्जुन, दुर्गाबाई पत्नी संजय व परवेज-हुकमीचंद बिना सूचना अनुपस्थित मिले।

### स्वच्छ प्रतिष्ठान संचालक आज होंगे सम्मानित

स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वे अभियान के तहत स्वच्छ प्रतिष्ठान संचालकों को सोमवार शाम चार बजे विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर सम्मान-पत्र का वितरण किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देशानुसार स्कूल, होटल, मैरिज गार्डन, रहवासी विकास समिति आदि का सर्वेक्षण जारी है। इसके तहत सोमवार को विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर सम्मान-पत्र का वितरण किया जाएगा।

# 10 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

## बिना सूचना के तीन दिवस लगातार अनुपस्थित रहने पर् कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त

'दैनिक अवन्तिका' ⏩ रतलाम

कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रातः 10 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। वार्डों में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान प्रातः झोन क्रमांक 1 में रानीबाई पति आजाद, -सुनील-सोहनलाल, रानी पति श्यामलाल, लखन रविन्द्र, बसंतीबाई पति किशन, श्रवण-भरत, झोन क्रमांक 2 में शकुन्तलाबाई पति अर्जुन, दुर्गाबाई पति संजय व परवेज-हुकमीचन्द बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी।

# स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक कर रहे है ब्रांड एम्बेसेडर

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नगर पालिक निगम ने पाँच ब्रांड एम्बेसडर बनाये हैं जिनमे में पद्मश्री विजेता डॉक्टर लीला जोशी मैडम, मिसेस इंडिया एंड मिसेस यूरेशिया दिव्या पाटीदार जोशीजी , शहर के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने वाले समाजसेवी नवोदित बैरागी जी एवं अंजू सूर्यवंशीजी एवं खेल जगत में विख्यात अनुज शर्मा जी । इन सभी के द्वारा समय समय पर जन जागरूकता के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर समय समय पर कार्य योजना तैयार की जाती है ताकी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम शहर को देश के स्वच्छतम शहरों में से एक बनाया जा सके। सभी ब्रांड एम्बेसेडर स्वयं भी कम्पोसिंटग , स्त्रोत पृथक्करण, एवं स्वच्छता एप का उपयोग कर आम जन के बीच इन प्रक्रियाओं का प्रचार प्रसार करते हैं।

# नवजात, शिशु मृत्यु प्रकरणों की पूर्ण अपडेट करने दल बनाया




रतलाम। जिला प्रशिक्षण केंद्र विरियाखेड़ी पर स्टेट कंसलटेंट शिशु स्वास्थ्य डॉ. विशाल जायसवाल, स्टेट कंसल्टेट पवन दुबे, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. कृपालसिंह राठौर, डॉ. निर्मल

## ▶ प्रशिक्षण केन्द्र पर बाल मृत्यु समीक्षा की कार्यशाला संपन्न

जैन, डीआईओ डॉ. वर्षा कुरील, डीपीएम डॉ. अजहर अली, एसएनसीयू एनबीएसयू एनबीसीसी के चिकित्सक, आरबीएसके चिकित्सक तथा अन्य चिकित्सकों के साथ बाल मृत्यु समीक्षा कार्यशाला संपन्न हुई।

कार्यशाला में स्टेट कंसलटेंट शिशु स्वास्थ्य डॉ. विशाल जायसवाल ने बताया कि बाल मृत्यु दर को कम करना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का महत्वपूर्ण लक्ष्य है। बाल मृत्यु समीक्षा का मुख्य उद्देश्य बाल मृत्यु के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त करना साथ ही स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी की कमियो और बाल मृत्यु के जिम्मेदार सामाजिक कारणों की पहचान करना है ताकि शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रदायगी कर बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाई जा सके। इसके लिए संस्थागत स्तर पर एवं समुदाय स्तर पर बाल मृत्यु समीक्षा की जाती है।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने जिले के सभी चिकित्सकों को प्रतिमाह अपने क्षेत्र में होने वाले बाल मृत्यु प्रकरणों की जानकारी ऑनलाइन रिकॉर्ड करने तथा समीक्षा कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने एसएनसीयू में होने वाली नवजात मृत्यु, शिशु मृत्यु के प्रकरणों की पूर्ण जानकारी अपडेट करने के लिए सोमवार तक की समय सीमा निर्धारित की। उन्होंने इस कार्य को प्रगति करते त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए दल की ड्यूटी निर्धारित की। बाल मृत्यु समीक्षा कार्यशाला के दौरान शिशुओं में होने वाली मृत्यु के विभिन्न कारणों की विस्तार से पड़ताल करने एवं सुधारात्मक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

## प्रपत्र के बारे में दी जानकारी

सीएमएचओ ने सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भावस्था के दौरान ही गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य देखभाल एवं प्रसव काल के दौरान समस्त सेवाएं प्रोटोकॉल अनुसार प्रदान की जाए तथा प्रसूता माताओं को प्रसव पश्चात भर्ती रखते हुए शिशु के स्वस्थ होने की स्थिति के बाद ही डिस्चार्ज किया जाए। स्टेट कंसलटेंट शिशु स्वास्थ्य श्री पवन दुबे ने बाल मृत्यु समीक्षा के संबंध में भरे जाने वाले प्रपत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा रतलाम जिले में अब तक हुई मृत्यु के प्रकरणों में प्रपत्र अनुसार जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। कार्यशाला के दौरान रतलाम जिले के प्रत्येक विकासखंड में प्रति विकासखंड पांच-पांच प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा आगामी समय में बाल मृत्यु दर में कमी लाने के संभावित उपायों के बारे में चर्चा की गई। कार्यशाला में स्वास्थ संस्थाओं में पदस्थ मेंटरन, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, बीपीएम, बीसीएम आदि उपस्थित रहे।

# योजना में नहीं गुणावद, विरोध पर रुका काम

## अवरोध ● लाल पानी की समस्या से प्रभावित 14 गांवों में पाइप लाइन से पानी देने का मामला

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। औद्योगिक अपशिष्ट से शहर के आसपास के 14 गांवों में भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा है। इस पर इन ग्रामों में शुद्ध पेयजल दिया जाएगा। इसके लिए शुरू की गई गुणावद पेयजल योजना में अंतिम चरण का काम रुका हुआ है। मलेनी नदी से पानी लेने के लिए गुणावद में पाइप लाइन डालना बाकी है। इधर योजना में ग्राम गुणावद को शामिल नहीं करने से ग्रामीण गांव में पाइप लाइन डालने नहीं दे रहे हैं। जल निगम के अधिकारियों से चर्चा के बाद अब नए सिरे से गुणावद को जोड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली तो दो महीने में काम पूरा हो जाएगा।

मालूम हो कि योजना के तहत इंटकवेल, फिल्टर प्लांट गुणावद में ही मलेनी नदी पर बनाया गया है। योजना के प्रारंभिक स्वरूप में गुणावद को शामिल किए जाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में मुख्य पाइप लाइन से गुणावद को पानी देने के लिए एक पाइंट देना प्रस्तावित किया गया। इससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई।

टंकी निर्माण व अन्य काम होने के बाद अंतिम चरण में गुणावद में नदी तक 800 मीटर के हिस्से में पाइप लाइन डाली जाने लगी तो ग्रामीणों ने काम रुकवा दिया। प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को समझाइश दी, लेकिन गांव को योजना में शामिल करने की मांग पर ग्रामीण अड़े रहे। अब 2.01 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

**लागत**
25.94
करोड़ की लागत से हो रहे कार्य

**डैम की क्षमता**
2.1 एमसीएम

**प्रतिदिन**
2.8 एमएलडी

**पाइप लाइन डलेगी**
69.10
किमी

**लाभान्वित गांव**
14

**नल कनेक्शन**
5056

**काम पूरा होना था**
30 जून
2021 तक



90%
काम पूरा हो चुका है

14-9-22



ग्राम धौंसवास में निर्मित पेयजल टंकी। ●नईदुनिया



गुणावद डैम पर जल संशोधन संयंत्र का काम पूरा हो गया है। ●नईदुनिया

### रतलाम शहर को भी मिलता था पानी

उल्लेखनीय है कि 1960 में नगर पालिका ने रतलाम शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए मलेनी नदी गुणावद जल संयंत्र का निर्माण कराया था। 1984 में जल संसाधन विभाग का धोलावड़ डैम तैयार होने के बाद पानी वहां से मिलने लगा और गुणावद योजना बंद हो गई। साढ़े तीन दशक से अधिक समय के दौरान देखरेख के अभाव में इंटकवेल, पाइप लाइन, फिल्टर प्लांट क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद अब गांवों में पानी देने के लिए योजना बनाई गई है।

### 25 हजार की आबादी होगी लाभान्वित

गुणावद जल संयंत्र योजना से 14 गांवों की 25 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। इन गांवों में धौंसवास, सेजावता, घटला, भटूनी, जड़वासाकलां, जड़वासाखुर्द, कलोरीकलां, सिमलावदा खुर्द, हतनारा, रिंगनिया, नगरा, मलवासा, बोरवना, बाजनखेड़ा शामिल हैं। इन गांवों में भूमिगत जल प्रदूषित होने से नलकूप, हैंडपंप आदि से लाल पानी आता है। अब यहां मलेनी नदी से पाइप लाइन के जरिये पानी दिया जाएगा।

"गुणावद को योजना में शामिल करने का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन से स्वीकृति मिलना बाकी है। 30 किमी अतिरिक्त पाइपलाइन भी डाली जाएगी। योजना में काम लगभग पूरा होने को है। कुछ गांवों में टेस्टिंग भी की जा रही है। – जेपी घनोते, महाप्रबंधक जल निगम

14 गांवों में पानी गुणावद स्थित मलेनी नदी से ही लिया जाएगा। इसमें गुणावद को नहीं लेना तर्कसंगत नहीं है। हमारी मांग पर नया प्रस्ताव भेजने की जानकारी मिली है। योजना में गांव को शामिल कर लेंगे तो विरोध नहीं करेंगे। – ओमप्रकाश शर्मा, ग्राम प्रधान गुणावद"

**नया कदम** • स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर बढ़ाने का नगर निगम का प्रयोग, मकसद रतलाम शहर को टॉप सिटी में लेकर आना है

# सिगरेट वेस्ट जमा करने पान की दुकानों पर रखे डस्टबिन, रिसाइकल कर राख से ईंट, पेपर व तंबाकू से खाद और फिल्टर से बनेंगे कुशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धुआं उड़ाकर सिगरेट के जिस बचे हुए हिस्से (बट) को फेंक देते हैं, उससे गंदगी तो होती है, पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसे रोकने के लिए नगर निगम ने नया कदम उठाया है। 40 पान दुकानों पर डस्टबिन लगाए हैं। सिगरेट पीने के बाद लोग फिल्टर सहित अन्य बचे भाग को डस्टबिन में डालेंगे। इकट्ठा हुए सिगरेट बट को नोएडा ले जाकर रिसाइकल किया जाएगा। राख से ईंट, पेपर व तंबाकू से खाद और फिल्टर से कुशन बनाए जाएंगे। वहीं निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण में सीधा फायदा मिलेगा। भाग दो में इनोवेशन के लिए 300 अंक मिल सकते हैं। इसके लिए नोएडा की कंपनी और नगर निगम के बीच बाकायदा क़रार हुआ है। शहर में सामान्यतः रोजाना दो लाख से ज्यादा सिगरेट की खपत है। इसका लाभ उठाने के लिए दिल्ली के दर्शन अरोड़ा ने नगर निगम के साथ हाथ मिलाया है। लोगों की आदत में आने के बाद जब सिगरेट बट की मात्रा बढ़ जाएगी तब डस्टबीन की संख्या बढ़ाई जाएगी। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया हमारा मकसद शहर को टॉप 'सिटी में लाना है।

## शहर की 40 दुकानों पर लगाए डस्टबिन, इकट्ठा कर नोएडा भेजेंगे, वहां कंपनी में होती है सारी प्रोसेस



लोग भी अब डस्टबिन में सिगरेट के बट डालने लगे हैं।

**ऐसे होगी प्रोसेस** - इकट्ठा किए गए सिगरेट बट तीन चरण की पूरी प्रोसेस से गुजरती है। पहले चरण में राख को अलग किया जाता है। इससे ईंट बनती है। दूसरे चरण में तंबाकू और पेपर अलग करके कल्चर के इस्तेमाल से खाद बनाते हैं। तीसरे चरण में फिल्टर को केमिकल के साथ ट्रीट करने के बाद इसे रुई में मिलाकर कई तरह की चीजें बनाई जाती हैं। खासतौर पर सोफे के कुशन, तकिए आदि में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### वार्ड 9 के रहवासी गीले कचरे से बना रहे जैविक खाद

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वार्ड 9 को आत्मनिर्भर वार्ड घोषित कर दिया है। वजह रहवासियों द्वारा घरों से निकलने वाली गीले कचरे का प्रसंस्करण कंपोस्टिंग पिट में करके खाद बनाना है। कचरे को चार हिस्सों में ( गिला, सुखा, घरेलू हानिकारक एवं सेनेटरी) अलग-अलग कर वाहनों में डाला जा रहा है।

### ब्रांड एंबेसेडर कर रहे हैं जागरूक

स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए निगम ने ब्रांड एंबेसेडर बनाए हैं। इनमें पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, दिव्या पाटीदार जोशी, नवोदित बैरागी, अंजू सूर्यवंशी, अनुज शर्मा शामिल है। रविवार को इन्होंने स्वच्छता अभियान की कई गतिविधियां कर लोगों को जागरूक किया।

14-2-22

## स्वच्छ प्रतिष्ठानों का आज होगा सम्मान

रतलाम | स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान में चयनित प्रतिष्ठानों को सोमवार को सम्मानित किया जाएगा। 26 जनवरी से 15 दिवसीय स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान शुरू किया था। स्वच्छ पाठशाला, स्वास्थ्य सुविधाएं, होटल एवं रेस्टोरेंट, कार्यालय, हॉकर्स जोन और स्वच्छ बाजार की श्रेणी शामिल हैं। 300 अंकों पर प्रतिष्ठानों की रैंकिंग की है। विजेता प्रतिष्ठान को निकाय द्वारा "सिम्बल ऑफ क्लीनलीनेस" सम्मान से नवाजा जाएगा।

भास्कर

## 10 सफाई मित्रों का 1 दिन का वेतन काटा

14-2-22

रतलाम | स्वच्छता पर्यवेक्षकों के निरीक्षण में अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों का मिलना लगातार जारी है। रविवार सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक की सफाई में 10 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। दरोगा से पड़ताल करने पर पता चला सभी ने न तो छुट्टी की अनुमति ली थी, न कोई सूचना दी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी दस कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दे दिए। साथ ही उन्हें बर्खास्त करने का नोटिस जारी कर दिया है। कार्रवाई जोन एक की रानीबाई पति आजाद, सुनील-सोहनलाल, रानी श्यामलाल, लखन रविंद्र, बसंतीबाई किशन, श्रवण-भरत, जोन 2 की शकुंतला बाई अर्जुन, दुर्गाबाई संजय, परवेज पर की है।

# चयनित प्रतिष्ठानों का सम्मान 14 फरवरी को

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह का कहना है कि स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान में चयनित प्रतिष्ठानों को 14 फरवरी को स्थानीय स्तर पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक एवं जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा। मंत्री श्री सिंह ने बताया है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाने और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में सभी नगर निगमों को 5-स्टार और अन्य नगरीय निकायों को 3-स्टार दिलाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए 26 जनवरी से 15 दिवसीय स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया था। श्री सिंह ने सभी सांसद और विधायकों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया था। शहर में स्थित प्रतिष्ठानों में निजी एवं शासकीय कार्यालय, बैंक, छोटी-बड़ी दुकानें, शो-रूम, अस्पताल, क्लीनिक, होटल, रेस्टोरेंट, स्कूल आदि शामिल हैं। स्वदेश

स्वच्छ शब्दावली में इन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर कहा जाता है। इनके बीच ही स्वच्छ प्रतिस्पर्धा की गई। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करना था।

14-2-22

## नागरिक बना रहे है गीले कचरे से खाद

रतलाम. । स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत वार्ड 9 को आत्मनिर्भर वार्ड घोषित किया गया । वार्ड के अंतर्गत आने वाले 2 रहवासी संघों रत्नपुरी विकास समिति एवं सेवा समिति( शुभम परिसर) द्वारा घरों से निकलने वाले गीले कचरे का प्रसंस्करण वहीं पर निगम द्वारा बनाये गए कंपोस्टिंग पिट के द्वारा किया जा रहा है एवं खाद का निर्माण किया जा रहा है। समय समय पर कई तरह की गतिविधियों के माध्यम से वार्ड के रहवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से गीले कचरे से खाद बनाने की विधि सिखाई जा रही है। वार्ड के रहवासी घर से निकलने वाले कचरे को चार हिस्सों में (गिला,सुखा, घरेलू हानिकारक एवं सेनेटरी), पृथक्करण कर निगम द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन में ही डालते हैं। सूखा कचरा निगम के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा पर जाता है।

अवन्तिका/ 14-2-22

# नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरों का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ⏩ रतलाम

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 3 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 3,28,822/- व जलकर 54,850/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,62,575/- व जलकर 34,520/-, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास शिविर में संपत्तिकर 3,02,013/- व जलकर 63,450/-, विनोबा नगर शिविर में संपत्तिकर 1,85,292/- व जलकर 1,19,720/-, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल शिविर में संपत्तिकर 3,20,857/- व जलकर 62,950/-, तिरूपति नगर शिविर में संपत्तिकर 1,28,977/- व जलकर 28,870/-, कोमल नगर शिविर में संपत्तिकर 2,16,000/- व जलकर 14,000/-, इन्द्रलोक नगर मार्निंग स्टार स्कूल के पास शिविर में संपत्तिकर 2,51,600/- व जलकर 1,04,640/-, कस्तुरबा नगर शिविर में संपत्तिकर 8,61,206/- व जलकर 1,21,090/-, प्रियदर्शनी नगर शिविर में संपत्तिकर 2,14,000/- व जलकर 47,000/-, डोंगरे नगर शिविर में संपत्तिकर 2,54,422/- व जलकर 83,700/-, हाट रोड शिविर में संपत्तिकर 1,71,500/- व जलकर 27,540/-, कलीमी कालोनी शिविर में संपत्तिकर 1,96,281/- व जलकर 40,240/-, राजेन्द्र नगर शिविर में संपत्तिकर 1,45,000/- व जलकर 31,760/-, काटजू नगर शिविर में संपत्तिकर, 3,36,077/- व जलकर 72,440/-, वेदव्यास कालोनी शिविर में संपत्तिकर 98,534/- व जलकर 37,465/-, कल्याण नगर शिविर में संपत्तिकर 87,732/- व जलकर 36,660/-, दीनदयाल नगर शिविर में संपत्तिकर 2,91,455/- व जलकर 92,125/-, बोहरा बाखल शिविर में संपत्तिकर 4,97,298/- व जलकर 64,770/-, रामगढ़ शिविर में संपत्तिकर 1,59,241/- व जलकर 28,140/-, व जलकर 1,56,600/-, धानमण्डी शिविर में संपत्तिकर 3,60,338/- व जलकर 1,67,280/-, किरण टॉकिज शिविर में संपत्तिकर 3,89,541/- व जलकर 76,625/-, आनन्द कालोनी शिविर में संपत्तिकर 1,20,807/- व जलकर 37,520/-, प्रताप नगर शिविर में संपत्तिकर 1,91,836/- व जलकर 72,860/-, महावीर नगर शिविर में संपत्तिकर 87,741/- व जलकर 37,140/- पैलेस रोड शिविर में संपत्तिकर 2,81,036/- व जलकर 89,570/- की राशि जमा कराई। वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली शिविरो के वार्ड क्रमांक 25, 26 व 27 के लिये 14 फरवरी को चैगानिया भेरू, वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 15 व 16 फरवरी को शिक्षा विभाग सावर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 17 व 19 फरवरी तक चैमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 21 से 22 फरवरी तक बजाजखाना गणेश देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 23 व 24 फरवरी को शास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 25, 26 व 28 फरवरी को दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 1 से 3 मार्च तक दिलबहार चौराहे पर कार्यालयीन समय में शिविर आयोजित किये गये है।

अवन्तिका/ 14-2-22